ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 21 सितम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 199


# आतिशी दिल्ली की सबसे युवा CM बनीं : शपथ के बाद केजरीवाल के पैर छुए; कैबिनेट में 5 मंत्री, मुकेश अहलावत नया चेहरा



**24 न्यूज अपडेट**
आतिशी ने शनिवार को दिल्ली की 17वीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राजनिवास में उन्हें एलजी विनय सक्सेना ने शपथ दिलाई। शपथ के बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल के पैर छुए। वे दिल्ली की सबसे युवा और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित CM रह चुकी हैं।
आतिशी के बाद सौरभ भारद्वाज. गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में मुकेश अहलावत एकमात्र नया चेहरा हैं।
43 साल की आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं। आतिशी दिल्ली की सबसे युवा CM होने का केजरीवाल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। आतिशी 43 साल की हैं, जबकि 2013 में पहली बार CM बनने के समय केजरीवाल 45 साल के थे। AAP विधायकों ने 17 सितंबर को केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी का नाम CM के रूप में फाइनल किया था।
आतिशी के शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी कन्वेनर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पंजाब CM भगवंत मान शामिल रहे।



## शाह बोले- फारूक ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद लाए:90 के दशक में यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे, मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे



**24 न्यूज अपडेट**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। आज यहां उनकी पांच चुनावी रैलियां हैं। उन्होंने पहली चुनावी रैली मेंढर में, दूसरी थानामंडी में और तीसरी राजौरी में की।
मेंढर में उन्होंने कहा- 90 के दशक में फारूक की मेहरबानी से आतंकवाद आया। तब यहां बहुत गोलीबारी होती थी, क्योंकि यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे।
अब पाकिस्तान नरेंद्र मोदी से डरता है। पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वह गोलीबारी करे। अगर गोलीबारी की तो मोदी गोली का जवाब गोले से देंगे।
ये चुनाव जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन खत्म करने वाला चुनाव है। तीनों परिवारों ने पूरे जम्मू-कश्मीर में 90 के दशक से 2014 तक दहशतगर्दी फैलाई। 40 हजार युवा मारे गए।
शाह मेंढर, थानामंडी और राजौरी के बाद पुंछ और अखनूर में भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। शाह का 5 दिन में यह दूसरा दौरा है। इससे पहले 16 सितंबर को उन्होंने पाड्डर नागसेनी, किश्तवाड़ और रामबन में जनसभा की थी।

### शाह की स्पीच की 7 बड़ी बातें...

1947 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ लड़ी गई हर जंग में जम्मू-कश्मीर के सैनिकों ने भारत की रक्षा की है। 1990 के दशक में जब आतंकवाद आया, तो यह मेरे पहाड़ी, गुर्जर और बकरवाल भाई ही थे, जिन्होंने सीमाओं पर बहादुरी से गोलियों का सामना किया।
हम हर घर में एक महिला को 18 हजार का चेक सालाना देंगे। सीधा बैंक अकाउंट में ये चेक जाएगा। ईद और मुहर्रम के मौके पर 2 गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। किसानों को मिल रहे 6 हजार रुपए 10 हजार में बदलेंगे। कृषि के बिजली बिल हम 50% कर देंगे। 500 यूनिट तक फ्री बिजली भी देंगे।
जम्मू में मेट्रो लगाएंगे। तवी में रिवर फ्रंट लाएंगे और मेंढर, पुंछ-राजौरी में पर्यटन लाएंगे। 70 साल तक इन्होंने जम्मू के इस इलाके के साथ अन्याय किया है। हम 5 लाख सरकारी नौकरियां देंगे। हम बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट भी देंगे। जम्मू में IT हब बनाएंगे।
भाजपा ने तय किया है कि पहाड़ी, गुर्जर बकरवाल को सिर्फ नौकरी में ही आरक्षण नहीं देना है, बल्कि प्रमोशन में भी आरक्षण देना है। ये आपका अधिकार है। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और PDP ने आपको आरक्षण के अधिकार से वंचित रखा है।
राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, लेकिन आतंक का फरमान देते हैं। राहुल कहते हैं- पाकिस्तान के साथ बात करो। जब तक पाकिस्तान आतंक बंद नहीं करेगा, तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी।
आजादी से अब तक जम्मू-कश्मीर में दो झंडे और दो संविधान थे, जिन्हें हटाने के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। 5 अगस्त, 2019 को पीएम मोदी ने धारा 370 को खत्म किया और जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया।
राहुल गांधी और कांग्रेस दलित विरोधी हैं। इन्होंने कई साल तक बीआर अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया, उनका सम्मान नहीं किया। भाजपा ने उनसे जुड़े पांच स्थानों को 'पंचतीर्थ' बनाकर, उन्हें श्रद्धांजलि देने का काम किया।

## तिरुपति मंदिर प्रबंधन बोला- प्रसाद अब पवित्र:कहा- जांच में एनिमल फैट की पुष्टि, पूर्व राष्ट्रपति बोले- ऐसा हर मंदिर में हो सकता है



**24 न्यूज अपडेट**
आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के लड्डूओं की पवित्रता विवाद के बीच मंदिर प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने कहा कि प्रसादम अब पूरी तरह से शुद्ध और पवित्र है। इसे आगे भी रखने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।
उधर TTD के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने घी में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने की बात मानी है। शुक्रवार, 20 सितंबर को उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लड्डू जिस घी से बनाए जा रहे थे, उसके सैंपल्स के 4 लैब रिपोर्ट्स में इसकी पुष्टि हुई है। राव ने कहा कि मंदिर प्रबंधन के पास अपनी लैब नहीं थी। घी सप्लायर एआर डेयरी फूड्स ने इसका फायदा उठाया।
इस बीच शनिवार को केंद्र और राज्य सरकार में फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारी तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एआर डेयरी फूड्स की फैक्ट्री में जांच करने पहुंचे।
पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वाराणसी में कहा- 'कल रात मेरे कुछ सहयोगी बाबा विश्वनाथ धाम गए थे। रात में मुझे बाबा का प्रसादम दिया, तो मेरे मन में तिरुमाला की घटना याद आई। मेरा मन थोड़ा खटका। हर तीर्थ स्थल में ऐसी घटिया मिलावट हो सकती है। हिंदू धर्म के अनुसार ये बहुत बड़ा पाप है। इसकी ढंग से जांच हो।'

## मुंबई की धारावी बस्ती में BMC की टीम पर हमला
### मस्जिद का अवैध हिस्सा गिराने गई 2 गाड़ियों में तोड़-फोड़



**24 न्यूज अपडेट**
बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) के अधिकारियों की एक टीम शनिवार सुबह धारावी पहुंची। यहां महबूब-ए-सुभानी मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराया जाना था। टीम सुबह 9 बजे धारावी की 90 फीट रोड पर पहुंची। खबर लगते ही मुस्लिम समाज समेत बस्ती के लोग इकट्ठा हो गए और टीम को रोक दिया।
बाद में प्रदर्शनकारियों ने BMC की दो गाड़ियों में तोड़-फोड़ कर दी। हालात संभालने के लिए बड़ी तादाद में पुलिस को तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों का एक दल पुलिस और BMC से चर्चा करने गया।
इसके बाद BMC ने आज डिमोलिशन एक्शन को रोक दिया है। साथ ही मस्जिद कमेटी को 8 दिन का समय दिया है।

### BMC का बयान- मस्जिद कमेटी खुद हटाएगी अवैध हिस्सा

मस्जिद पर एक्शन करने पहुंची BMC की टीम ने विवाद रुकने के बाद एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया है- मस्जिद के ट्रस्टियों ने बीएमसी से अपील की है कि उन्हें कुछ समय दिया जाए। इस दौरान वे अवैध हिस्से को खुद ही हटा देंगे। बीएमसी इस पर राजी हो गया है।

### डिप्टी CM बोले- कानूनी काम में बाधा डालना ठीक नहीं होगा

देवेंद्र फडणवीस ने कहा- BMC ने कुछ दिन पहले कार्रवाई भी शुरू की थी। उस समय ईद तक की मोहलत मांगी गई थी। आज जब BMC की टीम वहां गई तो उन्होंने कहा अगले चार-पांच दिन में अतिक्रमण हटा देंगे, इसलिए टीम वापस लौट गई है। किसी भी स्थिति में अगर कोई कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा करता है और बाधा डालता है तो यह ठीक नहीं होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि वे खुद ही अवैध हिस्सा हटाएंगे।

## रेलवे में 12वीं पास के लिए 3000 से अधिक भर्ती, आवेदन शुरू




**24 न्यूज अपडेट**
रेलवे में सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे उम्मीदवारों के लिए खुशखबरी है । रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने एनटीपीसी 10+2 की तीन हजार से अधिक रिक्तियों के लिए भर्ती निकाली है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार, आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । आरआरबी सेंट्रलाइज्ड एंप्लॉयमेंट नोटिस नंबर Cen 06/2024 भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 3445 रिक्तियां भरी जाएंगी. इच्छुक और योग्य आरआर अप्लाई की आधिकारिक वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है, जबकि फीस जमा करने की लास्ट डेट 22 अक्टूबर है ।

### पोस्ट वाइज वैकेंसी

**कमर्शियल कम टिकट क्लर्क: 2022 पद**
**अकाउंट्स क्लर्क कम टाइपिस्ट: 361 पद**
**जूनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट: 990 पद**
**ट्रेन्स क्लर्क: 72 पद**
**कुल खाली पद: 3445**

## संपादकीय : आरोप निराधार

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोप में एक अमेरिकी अदालत के भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रा प्रमुख के खिलाफ, जारी अदालती फरमान को लेकर स्वाभाविक ही चर्चा तेज हो गई है। यह चर्चा ऐसे समय में शुरू हो गई है, जब अगले हफ्ते प्रधानमंत्री क्वाड बैठक में हिस्सा लेने अमेरिका जाने वाले हैं। पन्नू की हत्या की साजिश का पर्दाफाश खुद अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी ने किया था उसने एक भारतीय व्यवसायी को गिरफ्तार किया था, जिसने कबूल किया कि एक बड़े भारतीय अधिकारी के कहने पर उसने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। इसे लेकर वहां के अखबारों में भी खूब चर्चा रही। उसी आधार पर पन्नू ने अमेरिका की एक जिला अदालत में मुकदमा दायर किया, जिसके आधार पर यह अदालती फरमान जारी हुआ है। हालांकि भारत सरकार ने पन्नू के मुकदमे को निराधार बताया है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजंसी का हाथ बताया था। उस संबंध में भारत सरकार लगातार कनाडा सरकार से सबूत मांगती रही, मगर वह दे पाने में अक्षम ही साबित हुई। कुछ लोगों का मानना है कि अमेरिकी अदालत के फरमान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कुछ खटास पैदा हो सकती है, मगर इसका कोई आधार नहीं है। अदालतों की अपनी एक प्रक्रिया होती है और अमेरिकी जिला अदालत ने उसका पालन किया है। इससे अमेरिका और भारत के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। छिपी बात नहीं है कि पन्नू को भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित कर रखा है। वह प्रकट रूप से खालिस्तान समर्थकों को उकसाता और मदद मुहैया कराता रहता है। वह अमेरिका और कनाडा दोनों देशों का नागरिक है। भारत सरकार उसके खिलाफ शिकंजा कसने की मांग करती रही है, मगर कनाडा सरकार ने कभी उस पर गंभीरता नहीं दिखाई। जब एक संदिग्ध भारतीय नागरिक को अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने गिरफ्तार किया और उससे पता चला कि पन्नू की हत्या की साजिश रची गई है, तो पन्नू को खालिस्तान समर्थकों को भारत सरकार के खिलाफ भड़काने और उनकी सहानुभूति हासिल करने का मौका मिल गया। जाहिर है, इस बहाने वह अपने पक्ष में सहानुभूति लहर बनाने और यह साबित करने का प्रयास कर रहा है कि भारत सरकार खालिस्तान समर्थकों के विरुद्ध साजिशें रच रही है। कोई भी देश और वहां की अदालत किसी भी आतंकी गतिविधि में शामिल व्यक्ति के किसी दूसरी सरकार के विरुद्ध अनर्गल आरोप को प्रोत्साहित नहीं कर सकती। चूंकि अमेरिकी अदालत के सामने पन्नू के आरोपों के पीछे कुछ आधार हो सकते हैं, इसलिए अदालत ने यह फरमान जारी कर दिया। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि इससे पन्नू का पक्ष मजबूत हो गया। केवल किसी आरोपी के कबूलनामे के आधार पर कोई मामला सच साबित नहीं हो जाता। ऐसे मामलों में उच्चस्तरीय जांचें महत्त्वपूर्ण होती हैं। जब अमेरिकी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहीं, तो पन्नू के आरोप का बहुत कोई अर्थ नहीं रह जाता। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के समय भी निश्चय ही इस मसले पर वहां के राष्ट्रपति के साथ चर्चा होगी। यह बात गहराई से रेखांकित होनी चाहिए कि आतंकी गतिविधियों में संलिप्त और अमेरिका तथा कनाडा जैसी जगहों पर पनाह पाए पन्नू जैसे लोगों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है।

## दुराग्रह का कठघरा

अदालतों में व्यक्त न्यायाधीशों के विचारों और बयानों को आम लोग फैसले की कड़ी के रूप में देखते हैं। उसके आधार पर किसी मसले पर सही और गलत के बारे में राय बनाते हैं। मगर कई बार कुछ न्यायाधीशों के मुंह से ऐसी बातें निकल जाती हैं, जो न केवल उनके पद की गरिमा के विरुद्ध होती, बल्कि उनसे समाज में नाहक अनुचित प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलता है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की ऐसी ही टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट को सख्त रुख अख्तियार करना पड़ा। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट के जज ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान एक महिला वकील की गरिमा को भंग करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी की और बंगलुरु के एक मुसलिम बहुल इलाके को पाकिस्तान' कह कर संबोधित किया। हैरानी की बात है कि ऐसी टिप्पणियां करते हुए उन्हें यह याद तक न रहा कि वे न्यायाधीश के सम्मानित पद का निर्वाह कर रहे हैं। हालांकि ऐसे संकीर्ण और दुराग्रहपूर्ण विचार किसी भी सामान्य विवेक वाले व्यक्ति को नहीं रखने चाहिए। स्वाभाविक ही इन टिप्पणियों के सुर्खियों में आने के बाद सभी स्तरों पर लोगों ने चिंता जताई और सुप्रीम कोर्ट ने उनका स्वतः संज्ञान लिया। प्रधान न्यायाधीश की अगुआई वाली पांच जजों की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि संवैधानिक अदालत में न्यायाधीशों की टिप्पणियों को लेकर सख्त दिशानिर्देश बनाने की जरूरत है। पीठ के मुताबिक, सोशल मीडिया अदालत की कार्यवाही पर नजर रख रही है, तो हमें कोई भी टिप्पणी करते समय शालीनता बनाए रखनी चाहिए। समाज में न्यायाधीशों की छवि ऐसी होती है कि उनके वक्तव्यों को लोग न्याय का वक्तव्य समझते हैं। इसलिए ऐसे जिम्मेदार पद का निर्वाह करने वाले व्यक्ति को कोई भी टिप्पणी करते या कुछ भी बोलते हुए हर स्तर पर संवेदनशीलता बरतने की जरूरत है। मगर अफसोस कि कई बार अदालतों में बैठ कर न्यायाधीश किसी मामले की सुनवाई के दौरान मुकदमे के कानूनी पहलुओं और उसकी बारीकियों पर बात करने के बजाय अनावश्यक रूप से ऐसी टिप्पणियां कर देते हैं, जो सामान्य नैतिकता के लिहाज से भी, किसी रूप में उचित नहीं कही जा सकतीं।

# चित्तौड़गढ़ में 350 किलो की तिजोरी ले गए नकाबपोश चोर

## भादसोड़ा में ज्वेलर की दुकान में घुसे; 4.5 किलो चांदी की ज्वेलरी चोरी



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़ के भादसोड़ा में शुक्रवार देर रात एक ज्वेलरी की दुकान में चोरी हो गई। नकाबपोश बदमाश ब्रेजा कार में आए थे। दुकान से 350 किलो की तिजोरी उठा ले गए। तिजोरी में 4.5 किलो चांदी के गहने थे।

शनिवार सुबह 5 बजे बाजार का एक व्यापारी मॉर्निंग वॉक पर निकला तो शटर आधा खुला हुआ देखा। उसने पीड़ित ज्वेलर गोविंद पुत्र रामलाल सोनी को सूचना दी। इसके बाद ज्वैलर मौके पर पहुंचा। दुकान का ताला टूटा हुआ था। सीसीटीवी देखे तो 4 चोर तिजोरी घसीटते दिखे। इसके बाद भादसोड़ा पुलिस को वारदात की सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। फुटेज देखे और सबूत जुटाए।

### लोहे के सब्बल से तोड़ा शटर

पुलिस के अनुसार- भादसोड़ा के मुख्य बाजार में कृष्णा ज्वेलर की दुकान में शुक्रवार-शनिवार की रात 3 बजे चोरी हुई। ब्रेजा कार से बदमाश भादसोड़ा बस स्टैंड की तरफ से आए थे।

उन्होंने पहले लोहे के सब्बल से शटर का लॉक तोड़ा। फिर दुकान में घुसे। तोड़फोड़ की। दुकान में घुसने से पहले बदमाशों ने बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदल दी। इसके बाद दुकान में रखी भारी तिजोरी घसीटकर ले गए। तिजोरी में चांदी के गहनों के अलावा 5 ग्राम सोना भी था।

### बदमाश को लगी थी चोट, दिखे खून के धब्बे

दुकान के फर्श पर खून के धब्बे भी दिखे। अनुमान लगाया जा रहा है कि भारी तिजोरी को बाहर ले जाते समय किसी एक बदमाश को चोट लगी होगी। खून के धब्बों को भी सबूत के तौर पर लिया गया। यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि बाहर भी एक या दो बदमाश खड़े थे। कार बस स्टैंड की ओर से आई थी और बस स्टैंड की ओर ही चली गई।

# खान मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खान ब्यूरो अजमेर क्षेत्र द्वारा खदानों में स्वच्छता पखवाड़ा (स्वच्छता ही सेवा)



**24 न्यूज अपडेट**

निम्बाहेडा। दिनांक 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। मलियाखेड़ा लाइमस्टोन माईन्स जेके सीमेंट द्वारा दिनांक आज 21 अक्टूबर 2024 को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पायरी में पोस्टर एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वरिष्ठ महाप्रबंधक दिलीप कुमार धाकड़ ने बच्चो को आपने आस पास क्षेत्र को स्वच्छ रखने और अधिकाधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया । खनन अभियंता अर्पणा चौहान ने छात्राओ को सभी क्षेत्रों में बढ़चढ़ कर भाग लेने की सलाह दी। वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर नागोरी द्वारा पोस्टर और कविता वाचन का अवलोकन कर उन्हें पारितोषिक वितरण किया गया । साथ ही बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक द्वारा जे के सीमेंट को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद अर्पित किया।उदयपुर के लिए चलती है। इसके कंडक्टर रामेश्वर प्रसाद चौधरी व ड्राइवर राधेश्याम है। बाद में मोबाइल से सम्पर्क करने पर कंडक्टर रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने अपने पास बैग होना बताया जिसके बाद कंडक्टर ने बैग में रखी वस्तुओं की जानकारी ली। जो सही बताने पर शुक्रवार जब पुनः रोडवेज बस उदयपुर से रवाना होकर राजनगर पहुंची तो महिला को राजनगर बस स्टैण्ड बुलाकर बैग सुपुर्द किया।

महिला की बेटी ज्योत्सना चौहान ने बताया कि बैग में करीब 3 तोले सोने के जेवर व 5 से 6 हजार रूपए नकद थे। इसके अलावा बैंक की पास बुक एटीएम कार्ड सहित महत्वपूर्ण डॉक्युमेंट रखे थे।

बैग लौटाने के दौरान राजसमंद एसपी मनीष त्रिपाठी ने रोडवेज बस के कंडक्टर व ड्राइवर का स्वागत किया। वही स्थानीय नागरिकों ने भी दोनों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मान सिंह बारहठ, नर्बदा शंकर पालीवाल, लिलेश खत्री, सत्येन्द्र चारण सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# बाइक चोरी के मामले में नाबालिग डिटेन

**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर कोतवाली थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक नाबालिग को डिटेन किया है। नाबालिग ने अपने साथियों के साथ मिलकर अस्पताल से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि भगवती (22) पुत्र बदा डामोर निवासी देवल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि 28 जुलाई को वह अपनी बाइक लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल आया था। उसके बड़े भाई का एक्सीडेंट होने पर उसे खाना देने के लिए बाइक अस्पताल में खड़ी कर अंदर गया। उसी समय उसकी बाइक कोई चोरी कर ले गया। थोड़े देर बाद वह वापस आया तो बाइक गायब मिली। आस पास बाइक को ढूंढते हुए मुर्दाघर की ओर गया। उस समय उसकी बाइक को 3 युवक धक्का मारकर ले जा रहे थे। पास जाकर देखा तो वह बाइक उसी की थी। तीनों बदमाशों को रोकने पर उन्होंने मारपीट की और नंबर प्लेट तोड़कर बाइक लेकर भाग गए। थानाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच करते हुए 3 बदमाशों को नामजद कर लिया। एक आरोपी को पहले गिरफ्तार करते हुए उसके पास से बाइक बरामद कर ली है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में फरार चल रहे नाबालिग को डिटेन कर लिया है। नाबालिग को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया, जहां से उसे बाल संप्रेषण गृह भेज दिया है।

# सुखेर थाना क्षेत्र में मकान को आग लगाकर जलाने की घटना का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार, एक वर्ष से अधिक समय से फरार अभियुक्त को मन्दसौर (मध्य प्रदेश) से दबोचा



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेटउदयपुर। दिनांक 06.09.2023 को प्रार्थीया श्रीमती यशोदा शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा निवासी रानीखेडा दरवाजा निम्बाहेडा थाना निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ राज हाल श्री मनोहर सिंह पिता श्री नारायण सिंह राणावत के मकान मे किरायेदार मेन रोड नवाघर भुवाणा थाना सुखेर उदयपुर राज. ने उपस्थित थाना हो एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि निवेदन है कि मैं निवासी निम्बाहेडा की हूं। राकेश चन्देल नामक आदमी मुझे व मेरे बेटे को जीने नहीं दे रहा है और रोज रोज दारु पीकर हमें फोन लगाकर और विडियो कॉल करके धमका था और आज मैं और मेरा बेटा दोनों कुछ खाने का सामान लेने गए थे उतने में वह दारु के नशे में आया। हम दोनों मां बेटा जहां किराए पर रहते थे वहां अन्दर घुस कर दारु के नशे में पूरे में आग लगा दी और घर का पूरा सामान जल गया और पूरे घर में आग फैल गई। कार्यवाही करने की कृपा करें। आदि। उक्त मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद अभियुक्त राकेश चन्देल की तलाश जारी रही परन्तु अभियुक्त एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी अभियुक्त का पता नहीं चल सका। प्रकरण लम्बे समय से पेण्डिंग होने पर प्रकरण गम्भीर प्रवृति का होने से श्री योगेश गोयल, श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला उदयपुर ने प्रकरण के त्वरित निस्तारण के आदेश प्रदान किये। निर्देशों की पालना में श्री उमेश ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उदयपुर तथा श्री कैलाश चन्द्र, पुलिस उप अधीक्षक, वृत नगर पश्चिम, उदयपुर के सुपरविजन में श्री हिमांशु सिंह, थानाधिकारी पुलिस थाना सुखेर उदयपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार अभियुक्त राकेश चन्देल की तलाश की गई परन्तु अभियुक्त शातिर बदमाश होकर लगातार जगह बदलता रहा तथा ईन्दौर, भोपाल, मन्दसौर तथा नीमच में घूमता रहा। श्री हिमांशु सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कई बार दबिश दी गई। दिनांक 20.09.2024 को थानाधिकारी को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि अभियुक्त मन्दसौर आया हुआ है तो तुरन्त श्री नितेश मेनारिया हैड कानि. के नेतृत्व में पुलिस टीम मन्दसौर भेजी गई। टीम द्वारा मन्दसौर पुलिस के सहयोग से अभियुक्त राकेश चन्देल पुत्र श्री मदनलाल चन्देल उम्र 41 वर्ष निवासी जावद, पुलिस थाना जावद जिला नीमच, मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**24 न्यूज अपडेट**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और बॉडी को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया।

इस व्यक्ति के पास एक आइडेंटिटी कार्ड मिला है, जिसमें मनोज कुमार पिता शंकरलाल बांगड़ पद परिचारक राजस्थान आयुर्वेद विद्यालय नंद राय लिखा है, फिलहाल पुलिस द्वारा इसकी पहचान कन्फर्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं । मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। थाने के एएसआई रशीद मोहम्मद ने बताया कि 100 फीट रोड पर चित्तौड़ ओवरब्रिज के नीचे एक बाइक सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया।

इस व्यक्ति के पास बाइक की आरसी और एक आई कार्ड मिला है जिस पर मनोज कुमार पिता शंकरलाल बांगड़ पद परिचारक राजस्थान आयुर्वेद चिकित्सालय नंदराय लिखा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मृतक व्यक्ति की बॉडी को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया है और इसकी पहचान कन्फर्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# राइजिंग राजस्थान समिट
## उद्यमियों से निवेश प्रस्ताव आमंत्रित

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 21 सितम्बर। राज्य में नवीन निवेश प्रोत्साहन तथा रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी के उद्देश्य से आगामी 9 से 11 दिसम्बर 2024 तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान समिट प्रस्तावित है। इसी क्रम में उदयपुर जिले में भी एक दिवसीय राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया जाना है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि निवेशकों को राज्य सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का लाभ तथा हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जाएगा। उक्त समिट में उद्यम (उद्योग, कृषि, मेडिकल, ट्यूरिज्म, होटल-रिसोर्ट, शिक्षण संस्थान, कॉमर्शियल संस्थान, खनन, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट आदि) स्थापित करने की इच्छुक इकाईयां अथवा भावी निवेशकों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। जिन उद्यमियों के साथ एमओयू किए जाएंगे, उन्हें संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के साथ आधार पर हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जाएगा। महाप्रबंधक श्री शर्मा ने बताया कि इच्छुक उद्यमी जिले में निवेश के लिए प्रस्ताव जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र कार्यालय उदयपुर को मेल आईडी डीआईसीउदयपुर एड राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर प्रेषित कर सकते हैं, अथवा व्यक्तिशः कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र उदयपुर अथवा उदयपुर रीको कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# जयपुर में निकली अनोखी शवयात्रा:निगम अधिकारियों - कर्मचारियों ने शहर में घूमकर प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के नारे लगाए




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शनिवार को नगर निगम हेरिटेज ने अनूठी शव यात्रा निकाली। इसमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारी नारे लगाते नजर आए। अनूठी शव यात्रा नगर निगम मुख्यालय से शुरू होकर शहर के अलग-अलग बाजारों में होती हुई नगर निगम मुख्यालय में पहुंची। इसमें नगर निगम के कमिश्नर अभिषेक सुराणा समेत आला अधिकारी और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## अधिकारी नारे लगाते हुए आगे बढ़े

दरअसल, नगर निगम हेरिटेज ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आमजन और व्यापारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्लास्टिक की शव यात्रा निकाली। इस अनूठी शवयात्रा में नगर निगम के अधिकारी और सफाई कर्मचारी प्लास्टिक के खिलाफ नारे भी लगाते नजर आए। किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीना के नेतृत्व में शवयात्रा हेरिटेज नगर निगम मुख्यालय से प्रारंभ हुई, जो बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार होते हुए वापस निगम मुख्यालय पर आकर समापन हो गई। शव यात्रा के दौरान प्लास्टिक गो बैक, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर जोर दिया गया।

## कपड़े या जूट का थैला उपयोग में लेना चाहिए

शव यात्रा में शामिल हुए हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि प्लास्टिक सामग्री न केवल पर्यावरण बल्कि, मानव जीवन के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसके उपयोग से बचना ही एकमात्र उपाय है। ऐसे में हम लोगों को प्लास्टिक थैली या की बजाए हमें कपड़े का या जूट का थैला उपयोग में लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हेरिटेज निगम की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। इस दौरान दो अक्टूबर तक आमजन की सहभागिता से कई जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगर निगम के अधिकारियों के साथ जयपुर की जनता की सहभागिता भी होगी। इसी सहभागिता के आधार पर हम जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।

रैली के समापन पर सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य शाखा की विशेष टीम, निगम स्वच्छता प्रहरी, पीआईयू टीम सदस्य मौजूद रहे।

# कासोद में हुआ गवरी नृत्य का आयोजन
## नृत्य देखने के लिए उमड़ी लोगों की भारी भीड़



**24 न्यूज़ अपडेट**

निंबाहेड़ा। नगर के कासोद क्षेत्र में शनिवार को गवरी नृत्य का आयोजन किया गया। गवरी नृत्य देखने के लिए स्थानीय निवासियों सहित नगर व आसपास के गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष तथा बच्चों की उमड़ी भारी भीड़ में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

कासोद क्षेत्र के निवासियों द्वारा गवरी नृत्य का आयोजन कराया गया जिसमें गवरी नृत्य के लिए मेवाड़ क्षेत्र के लगभग 35 कलाकारों को बुलाया गया। गवरी नृत्य के कलाकारों ने गवरी नृत्य के दौरान अलग-अलग वेशभूषा पहनकर विभिन्न प्रकार के किरदार निभाये व पृथक पृथक प्रचलित कहानीयों अनुसार नाट्य कर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। गवरी नृत्य को पौराणिक काल का नृत्य बताया जाता है तथा यह मान्यता रहती है कि जहां पर गवरी नृत्य का आयोजन होता है उसे क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि रहती है इसी बात को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के लोगों द्वारा गवरी नृत्य का आयोजन कराया जाता है। यह नृत्य रक्षाबंधन के दूसरे दिन से शुरू होता है जो नवरात्रि तक तक चलता है। गवरी नृत्य को लेकर यह भी कथन प्रचलित है कि भील समाज में पार्वती को बहन-बेटी की तरह मानते हैं और समाज में मान्यता हैं कि भादो महीने में भगवान शिव के साथ माता पार्वती धरती पर भ्रमण के लिए आती हैं. ऐसे में गवरी नृत्य के विविध नाट्यों के द्वारा आदिवासी भील समाज के लोग उन्हें खुश करने के लिए इस नृत्य को करते है।

# पहले दिन 385 गर्भवती महिलाओं को मिले निशुल्क सोनोग्राफी वाउचर



**24 न्यूज़ अपडेट**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि 17 सितंबर को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू की गई मां वाउचर योजना के तहत उदयपुर में पहले दिन में चिकित्सा संस्थानों पर जांच कर 385 गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए ऑन लाइन वाउचर दिये गये। अधिकृत सोनोग्राफी सेंटर पर जांच के लिए क्यू आर कोड से वाउचर जेनेरेट किये गये। आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान शिशु के विकास को जांचने के लिए और कोई विकृति नहीं है इसको देखने के लिए सोनोग्राफी करना होता है। सरकारी चिकित्सालयो में सोनोग्राफी सुविधा सभी जगह उपलब्ध नहीं है इसलिए सरकार द्वारा यह योजना आरम्भ की गई है। इसमें सरकारी संस्थाओं के साथ निजी अधिकृत सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क जांच करवाई जा सकती है। उदयपुर में 54 निजी सोनोग्राफी सेंटर को अधिकृत किया गया है। वाउचर की वैधता 30 दिनों तक की है।

# भाजपा के सदस्यता एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर जिला अध्यक्ष ने ली शक्तिकेन्द्र एवं बूथ स्तरीय बैठक



**24 न्यूज़ अपडेट**

निम्बाहेड़ा। भारतीय जनता पार्टी के वृहद सदस्यता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत सेवा पखवाड़ा को लेकर निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के शक्तिकेन्द्र एवं बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष जाट ने सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को देश भर में शानदार सफलता मिल रही है। 2 सितंबर से शुरू हुए इस सदस्यता अभियान में केवल 18 दिन में ही नए सदस्यों की संख्या चार करोड़ के पार हो गई है, जिसमें से 2 करोड़ नए सदस्य अकेले यूपी में बनाए गए हैं। बीजेपी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के जारी पार्टी से 10 करोड़ नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा है। जाट ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारण के अनुरूप कार्य करने का आव्हान किया। पूर्वी मण्डल महामंत्री एवं सरपंच राजेश धाकड़ ने बताया कि निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधायक एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी के निर्देशन में भाजपा के वृहद सदस्यता अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष जाट ने पूर्वी मण्डल के शक्ति केंद्र केली व बांगरेडा के बूथ नम्बर 109, 110, 113, 114, 22 बूथ पर सदस्यता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में अभियान से संयोजक शिरीष त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, शक्ति केंद्र संयोजक कमलेश श्रीमाली, जीएसएस अध्यक्ष नारायण लाल प्रजापत, जीएसएस उपाध्यक्ष राजेश धाकड, बूथ अध्यक्ष तुलसीराम लोहार, कैलाश धाकड, दिनेश शर्मा, पुष्पकांत उपाध्याय, ताराचंद कच्छावा, पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष राधेश्याम टेलर, सुनील धाकड, यशवंत धाकड, मनोज अग्रवाल, महेश टेलर, कमल चौधरी, राजू मीणा, प्रकाश गायरी, पंकज सेन, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश मोदी, कन्हैयालाल कच्छावा, केसरीमल सोनी, मुकेश अग्रवाल, घनश्याम सोनी, गोपाल गायरी, मांगीलाल मीणा, केसरीमल कच्छावा, बंशीलाल खटीक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिरण मगरी सेक्टर 8 में सहकारी सुपर मार्केट का शुभारंभ



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 21 सितंबर। प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग राज्यमंत्री श्री गौतम दक शनिवार को उदयपुर दौरे पर रहे। उन्होंने यहां सेक्टर 8 स्थित सहकारी सुपर मार्केट का शुभारंभ किया और सहकारी थोक भंडार के कॉप दिवाली फेस्ट के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री दक ने कहा कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। भंडार के जरिए हमारा उद्देश्य बेचना और कमाना ही नहीं बल्कि उत्पादों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि आमजन का विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता भंडारों की प्रतिष्ठा पुरानी है। कॉपरेटिव सेक्टर उदयपुर में अभी भी मजबूत है। हम यहां जो उत्पाद बेचें उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित होनी चाहिए तथा गुणवत्ता के साथ कभी समझौता नहीं करना चाहिए। नए भंडार गुणवत्ता सुनिश्चित करें तो आज नहीं तो कल सफलता अवश्य मिलेगी।

## आमजन के विश्वास पर खरा उतरें

श्री दक ने कहा कि हम उपभोक्ता भंडारों के जरिए हर जिले में एक श्रेष्ठ उत्पाद आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भंडारों की बेहतरी और उन्नति हेतु आमजन भी सुझाव भेज सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अनुसार हमें जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। हमें देश के भविष्य की भी चिंता करनी है। उन्होंने भंडार संचालक और भंडार कर्मियों को कहा कि आमजन के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करें। संस्था के लेखों में पारदर्शिता बनाएं रखने में भी विशेष ध्यान रखें।

# RAS प्रियंका की मौत का मामला- जांच कमेटी पहुंची जोधपुर



**24 न्यूज़ अपडेट**

RAS प्रियंका विश्नोई की मौत के मामले की जांच प्रदेश स्तरीय टीम करने वाली है। टीम में तीन डॉक्टर SMS जयपुर व दो डॉक्टर जोधपुर एम्स के शामिल है। शुक्रवार देर रात को जयपुर डॉक्टरों की टीम जोधपुर पहुंच गई थी। शनिवार दोपहर बाद टीम अपनी जांच शुरू करेगी। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अशोक गुप्ता, फोरेंसिक मेडिकल एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ.आर.के पूनिया, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के रेडियोडायग्नोसिस विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनु भंडारी, एम्स जोधपुर की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा सिंह और एम्स जोधपुर के एनीस्थिसिया विभागाध्यक्ष डॉ.प्रदीप भाटिया शामिल हैं। इस टीम को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को 22 सितंबर तक सौंपनी है।

## कलेक्टर ने सरकार को सौंपी थी रिपोर्ट

RAS प्रियंका विश्नोई के इलाज में लारवाही के मामले में उनके ससुर सहीराम विश्नोई की शिकायत पर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमेटी से इस जांच करवाई थी। इस कमेटी ने शुक्रवार को अपनी जांच कलेक्टर को सौंपी थी।

उन्होंने शुक्रवार को ही राज्य सरकार को भेज दी थी। इसके बाद ही शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने आदेश जारी कर पांच सदस्यीय समिति गठित की थी। यह कमेटी वसुंधरा अस्पताल में सर्जरी होने के बाद बिश्नोई के इलाज व मौत के कारणों की जांच करेगी।

# राज्यपाल बोले-आदिवासियों के हितों को ध्यान में रखकर काम करें : हरिभाऊ बागड़े ने सिकल सेल एनीमिया की रिपोर्ट मांगी, अधिकारियों की बैठक भी ली



**24 न्यूज अपडेट**

हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा कि अधिकारी आदिवासी कल्याण को ध्यान में रख कर काम करें। उन्होंने जनजाति बहुल क्षेत्रों में क्रियान्वित केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने का आह्वान किया है। वे आज जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक जनजाति समुदाय और गरीब वर्ग की आय नहीं बढ़ेगी, समेकित विकास नहीं हो सकता। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि हर गरीब का बच्चा शिक्षा प्राप्त करें। उन्होंने अनुसूचित जाति व जनजाति सहित घुमन्तू परिवारों के बच्चों को स्कूल जोड़ने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने पंचायत स्तरीय कार्मिकों को जिम्मेदारी देते हुए शत-प्रतिशत बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

**फसल खरीदी की हो पुख्ता व्यवस्था**

राज्यपाल ने प्रत्येक विकास योजना के लक्ष्य और लाभान्वितों में जनजाति वर्ग के लक्षित और लाभार्थियों का पृथक से आकलन करने, हर वंचित और पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ आवश्यक रूप से पहुंचे, इसकी पुख्ता व्यवस्था करने पर जोर दिया।

# टीचर्स से नाराज स्टूडेंट्स ने लगाया स्कूल के ताला : ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया, बोले- शिक्षकों का बर्ताव सही नहीं



**24 न्यूज अपडेट**

सरकारी स्कूल में टीचर की कार्यशैली से नाराज स्टूडेंट्स ने आज स्कूल के मैन गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। स्टूडेंट ने कस्बे के मार्ग पर कटीली झाड़ियां डालकर रास्ते ब्लॉक कर दिए। स्टूडेंट का आरोप है कि स्कूल में टीचर्स के दो गुट है और दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हैं। टीचर स्कूल में ड्रिंक करके आते हैं और स्टूडेंट्स के साथ बुरा बर्ताव करते हैं। इसी को लेकर आज उन्हें विरोध करना पड़ा और स्कूल में ताला लगाना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्टूडेंट से समझाइश कर मामला शांत कराया। मामला शहर के सदर थाना क्षेत्र के दांथल गांव की महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। यहां आज स्टूडेंट ने स्कूल गेट को ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इन्होंने टीचर्स के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए साथ ही स्टूडेंट के साथ गलत बर्ताव करने और आए दिन उन्हें प्रताड़ित करने के भी आरोप लगाए हैं। स्टूडेंट के साथ कई ग्रामीण भी विरोध प्रदर्शन में शामिल थे। इनका कहना है कि पिछले कुछ समय से स्कूल का माहौल काफी खराब कर दिया गया है। टीचर्स ने अपने अलग अलग गुट बना रखे हैं और वो आपस में ही एक दूसरे से उलझते रहते हैं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। इन्हें समझाने का प्रयास भी किया गया लेकिन उसके बाद भी इनकी गुटबाजी खत्म नहीं हुई, इसी के चलते आज हमे बच्चों के साथ में विरोध प्रदर्शन पर उतरना पड़ा है। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस और मौके पर पहुंची और साथ ही सुवाना ब्लॉक के मुख्य शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जीनगर मोके पर पहुंचे है बच्चों और परिजनों से बातचीत की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्कूल का ताला खुलवाकर बच्चों को क्लास में बैठा दिया गया है। बच्चों की जो मांगे हैं, उन पर कार्रवाई करते हुए शारीरिक शिक्षक को ब्लॉक मुख्यालय पर लगा दिया गया है और प्रधानाचार्य को हटाने की मांग है की गई है। रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। फिलहाल बच्चों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया और स्कूल के ताले फिर से खोल दिए गए हैं।

# मुंबई की जहांगीर गैलरी में सजेगी उदयपुर के शिल्पकार की कलाकृतियां



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 सितंबर। शहर के ख्यातनाम प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी की कलाकृतियां मुंबई की विश्वप्रसिद्ध जहांगीर आर्ट गैलेरी में आगामी 24 सितंबर से प्रदर्शित की जाएंगी। सात दिवसीय इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित होने वाली कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी शहर के सुखेर स्थित शिवम् कलांगन में प्रदर्शित की गई। समारोह में उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन और प्रसिद्ध उद्योगपति, कला-संस्कृति प्रेमी और बॉलीवुड फिल्मों के निर्माता डॉ. अजय मुर्डिया ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और केटलॉग का विमोचन करते हुए शिल्पकार जोशी को शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व अतिथियों ने जोशी के कलांगन में प्रदर्शित विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया। आरंभ में शिल्पकार हेमंत जोशी ने अपनी कला यात्रा और जहांगीर आर्ट गैलरी में प्रदर्शित होने वाली कलाकृतियों के बारे में जानकारी दी।

**कला-साधना से पत्थरों में प्राण फूंकता है कलाकारः** इस अवसर पर संबोधित करते हुए यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने कहा कि कलाकार अपनी कला साधना से पत्थरों में भी प्राण फूंक कर उन्हें दिव्य आभा प्रदान करता है, ऐसे कलाकारों को हमें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। अलग-अलग आकारों के प्रस्तर खंडों में छिपी आकृतियों को तराशने का काम किसी तपस्या से कम नहीं है। उन्होंने शिल्पकार जोशी को उनकी प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं भी दी और कहा कि उनकी कला का यूडीए भी अपने प्रोजेक्ट में उपयोग करेगा।

# मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड की पिकनिक अमरखजी महादेव मे आयोजित



**24 न्यूज अपडेट**

मुस्कान क्लब यूथ रिविजिटेड के 178 सदस्यों ने मौसम के तकाजे को देखते हुए आज अपना शनिवारीय विशेष कार्यक्रम शहर के समीप अमरख जी महादेव के नैसर्गिक वातावरण मे पिकनिक के रुप मे मनाया। क्लब के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि गट्टानी फाउंडेशन की संरक्षक श्रीमती कौशल्या जी गट्टानी की अध्यक्षता में श्रीमती कुसुम त्रिपाठी द्वारा ईश्वंदना के पश्चात गीत - संगीत, अंताक्षरी, नृत्य, तंबोला सहित विविध संस्कृति कार्यक्रमों मे सभी ने सहभागिता निभा अल्पाहार व सुरुची भोज का भरपूर आनंद लिया। इस बीच श्रीमती गट्टानजी के आह्वान पर तत्काल गोशाला हेतु तीन पंखे और 22 हजार की राशि एकत्रित कर भेंट की गई। प्रातः नौ बजे से शाम 3.30 तक जीवन साथी संग आयोजित हुई इस पिकनिक की सफलता में क्लब कार्यकारणी के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन महासचिव नरेश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

# किसान अब खुद कर सकेंगे गिरदावरी

## राज किसान गिरदावरी ऐप के माध्यम से होगा कार्य



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़, 21 सितंबर। मुख्यमंत्री के द्वारा की गई बजट घोषणा के अनुसार राज्य सरकार की ओर से किसानों को अब ऐप के माध्यम से स्वयं गिरदावरी करने की सुविधा प्रदान की गई है।

गिरदावरी के लिए सर्वप्रथम राज किसान गिरदावरी ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपने जनाधार से ऐप को लॉगिन करना है। आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। जिसमें वेरिफाइड होने के बाद ऐप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोड़ें पर क्लिक करना है, फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करने का ऑप्शन रहेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सिलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसके पश्चात अपने खेत का खसरा अंकित करते हुए कैलीब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सिलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हेक्टेयर में अंकित करना होगा। उसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्रोत तथा फलेवर पेड़ है तो उनकी संख्या आदि अंकित करते हुए खेत खसरे में जो फसल बो रखी है उसकी साफ सुथरी फोटो अपलोड करनी होगी। उक्त प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, वहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा। सबमिट के ऑप्शन पर क्लिक करने पर काश्तकार की ओर से की गई गिरदावरी सबमिट होते ही पंजीकरण संख्या प्राप्त हो जाएगी।

एक खेत में एक से अधिक खातेदार होने की स्थिति में किसी भी एक खातेदार की ओर से संपूर्ण खसरे की गिरदावरी करें, एक खसरे में एक से अधिक फसल है तो एक से अधिक फसल की गिरदावरी सबमिट की जाए। जिन काश्तकारों के खेत में किसी भी प्रकार की फसल नहीं है तो भी निल फसल बिना फसल की गिरदावरी सबमिट करें ताकि किसी खसरे की रवि गिरदावरी बकाया नहीं रहे, गिरदावरी सबमिट से पहले भली भांति देख ले की गिरदावरी से संबंधित समस्त विवरण सही है या नहीं, क्योंकि गिरदावरी एक बार सबमिट करने के बाद काश्तकार उसके बारे में किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं कर पाएंगे।

1इस संबंध में दिनांक 21 व 22 सितम्बर को प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कृषि विभाग के कार्मिक तथा पटवारी उपस्थित रह कर किसानो को एप संचालन कि प्रक्रिया बतायेगें।

### जैन साधु संत विहार समिति निंबाहेड़ा का एक दल मुंबई विहार सम्मेलन के लिए रवाना



**24 न्यूज अपडेट**

निंबाहेड़ा। शनिवार साधु संत विहार सेवा समिति निंबाहेड़ा का एक 11 सदस्यीय दल मुंबई सांताक्रुज में हों रहे दो दिवसीय 12 वें अखिल भारतीय विहार सम्मेलन जिसमे आचार्य श्री मद विजय अक्षयबोधि सुरीश्वर जी म.सा. और आचार्य श्री मद विजय महाबोधि सुरीश्वर जी म.सा. की शुभ निश्रा में विलेपार्ले विहार सेवा समिति और मुम्बई विहार सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित विहार सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज 11 बजे निंबाहेड़ा रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। विहार समिति निंबाहेड़ा सदस्य संजय सिंघवी के अनुसार भाग लेने वाले सदस्यों में तख़त सिंह सिंघवी, मुकेशकुमार नागोरी, दिलीपकुमार नागोरी, दिलीप पारख़,अजीत डांगी, अतुल बोडाना, यशवंत चपलोत, सुमित बोडाना, प्रीतेश धींग, वेंकी बोडाना शामिल रहे।

# सकॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, 6 लोग घायल



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. सलूंबर। उदयपुर मेगा हाईवे पर देर रात लकाबा चौकी के पास में उदयपुर से आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रण होकर पलटी खा गई। स्कॉर्पियो में 6 लोग थे जो पूरी तरह घायल हो गए। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जिन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया। बताया गया स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। पुलिस ने क्रेन की सहायता से स्कॉर्पियो को थाने में लाया गया।

# हज यात्रा 2025 के आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर तक

**24 न्यूज अपडेट**

निम्बाहेड़ा 21 सितंबर। सऊदी अरब स्थित मक्का मदीना की पवित्र हज यात्रा भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, हज यात्रा 2025 के ऑनलाइन आवेदन 13 जुलाई से शुरू हो गए है, हज फार्म भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2024 रखी गई है। निम्बाहेड़ा हज खिदमत कमेटी के सदर मतलूब अजमेरी ने बताया की जो हज यात्रा में जाना चाहता हैं वो सुभाष चोक सब्जी मंडी में सोनाली कलेक्शन ई-मित्र पर जा कर अपना हज आवेदन निःशुल्क भर सकते हे। हज यात्रा में आवेदन के लिए भारतीय पासपोर्ट की वैधता 15 जनवरी 2026 तक वैध होना आवश्यक है। जिला हज कमेटी के जिलाध्यक्ष उबेद खान ने बताया कि इस वर्ष पूरे जिले में हाजियों के फार्म भरने के लिए टीम गठित की गई है जिसमे चित्तौड़गढ़ में हाजी गुलाम हुसैन, सिपटेन हैदर, निम्बाहेड़ा से हाजी अख्तर पटेल, लसडावन - भदेसर में शाहरुख खान, बेगू में इरफान नीलगर, बस्सी में मंजूर कुरेशी, रावतभाटा में शकील अहमद, कपासन में हाजी अख्तर बुखारी, राशमी में हाजी याकूब पठान, सावा में हाफिज रहबर, सलाउद्दीन शेख, बड़ी सादड़ी असलम खान पठान, छोटी सादड़ी जाहिद मंसूरी को हज फार्म भरने व हाजियों की मदद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।